# जयपुर सेंट्रल जेल में लॉरेंस बिश्नोई ने जूम एप से दिया था इंटरव्यू

## पंजाब पुलिस की जांच के बाद लालकोठी थाने में मामला दर्ज

■ पंजाब एसआईटी की टीम ने जांच के बाद इस संबंध में जयपुर पुलिस को सबूत दिए हैं

**जयपुर।** कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने जयपुर सेंट्रल जेल से एक टीवी चैनल को जूम एप के माध्यम से इंटरव्यू दिया था। इस बात का खुलासा पंजाब पुलिस की जांच में हुआ है। पंजाब पुलिस की जांच रिपोर्ट के आधार पर जयपुर के लाल कोठी थाने में मामला दर्ज करवाया है। पंजाब एसआईटी की टीम ने जांच के बाद इस संबंध में जयपुर पुलिस को सबूत दिए हैं। इस केस की जांच लालकोठी थानाधिकारी श्रीनिवास जांगिड़ को सौंपी गई है।

पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने 17 सितंबर को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट को अहम दस्तावेज सौंपे थे। इनमें एक पैन ड्राईव भी है। दावा किया जा रहा है कि जयपुर की सेंट्रल जेल में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू शूट किया गया था। पुलिस कमिश्नरेट को सौंपे गए दस्तावेजों के आधार पर अब लालकोठी पुलिस थाने में गैंगस्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

गौतलब है कि लॉरेंस बिश्नोई ने पिछले साल फरवरी में जेल में बंद रहने के दौरान एक टीवी चैनल को इंटरव्यू दिया था। मामले की जांच को लेकर कोर्ट के आदेश पर पंजाब पुलिस ने पहली एफआईआर दिसंबर-2023 में और दूसरी जनवरी-2024 में दर्ज की थी। मार्च 2023 में लॉरेंस के 2 इंटरव्यू सामने आए थे। लॉरेंस उस समय 21 दिन जयपुर पुलिस की कस्टडी था। एसआईटी ने इस मामले की सुनवाई के दौरान पंजाब हाईकोर्ट में दो में से एक इंटरव्यू राजस्थान की किसी जेल से होने की बात कही थी।

जनवरी-2024 में दर्ज दूसरी एफआईआर की जांच में पता चला कि इंटरव्यू के दौरान गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई जयपुर सेंट्रल जेल में बंद था। अगस्त-2024 में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने एसआईटी हेड प्रबोध कुमार को राजस्थान डीजीपी को इसके सबूत देने के निर्देश दिए। इसी जांच के आधार पर जयपुर केस दर्ज हुआ है।

दरअसल जयपुर के जी क्लब फायरिंग केस में जवाहर सर्किल थाना पुलिस लॉरेंस बिश्नोई को 15 फरवरी को जयपुर लाई थी। यहां लॉरेंस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 16 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया। लॉरेंस 2 मार्च तक जवाहर सर्किल थाना पुलिस की कस्टडी में कड़ी सुरक्षा के बीच रहा था। पुलिस ने व्यापारियों से रंगदारी मांगने और जी क्लब फायरिंग केस के मामले में लॉरेंस से पूछताछ की थी। पुलिस ने लॉरेंस से रोहित गोदारा, गोल्डी बराड़ और अरविंद बिश्नोई के बारे में भी जानकारी जुटाई थी।

बठिंडा जेल में शिफ्ट होने के बाद 14 और 17 मार्च को एक निजी न्यूज चौनल पर लॉरेंस बिश्नोई के 2 इंटरव्यू प्रसारित हुए। ये इंटरव्यू सामने आने के बाद पंजाब पुलिस और बठिंडा जेल प्रशासन के होश उड़ गए। गैंगस्टर बिश्नोई के जेल से प्रसारित हुए इंटरव्यू को गंभीर घटना बता कर पंजाब- हरियाणा हाईकोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इंटरव्यू की सुविधा देने वाले अधिकारियों की पहचान करने और उन पर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है। कोर्ट के आदेश पर मार्च 2023 में एसआईटी गठित की गई।

पंजाब पुलिस के विशेष पुलिस महानिदेशक विशेष कार्य बल और एडीजीपी जेल की दो सदस्यीय समिति बनाई गई थी। लॉरेंस का पहला इंटरव्यू 14 मार्च को ब्रॉडकास्ट हुआ था। जिसमें लॉरेंस ने सिद्धू मूसेवाला का कत्ल करवाने की बात कबूली थी। लॉरेंस का कहना था कि मूसेवाला सिंगिंग के बजाय गैंगवार में घुस रहा था। उसके कॉलेज फ्रेंड अकाली नेता विक्की मिड्डूखेड़ा के कत्ल में भी मूसेवाला का हाथ था। इसलिए उसे मरवाया। एसआईटी रिपोर्ट के मुताबिक ये वही इंटरव्यू है, जो उसने कस्टडी के दौरान दिया था।

लॉरेंस ने अपने दूसरे इंटरव्यू में जेल के अंदर से इंटरव्यू देने का सबूत भी दिया था। उसने अपनी बैरक भी दिखाई और बताया कि उसे बाहर नहीं जाने दिया जाता, लेकिन मोबाइल भी उसके पास आ जाता है और सिग्नल भी। लॉरेंस ने अपने इंटरव्यू में कहा कि रात के समय जेल के गार्ड बहुत कम आते-जाते हैं, इसलिए वह रात को कॉल कर लेता है। लॉरेंस ने मोबाइल के अंदर आने के बारे में भी जानकारी दी थी। लॉरेंस के अनुसार मोबाइल बाहर से जेल के अंदर फेंके जाते हैं। कई बार जेल स्टाफ उन्हें पकड़ भी लेता है, लेकिन अधिकतर बार मोबाइल उस तक पहुंच जाता है।

एनआईए की रिपोर्ट के अनुसार लॉरेंस बिश्नोई अभी 4 मामलों में दोषी करार दिया गया है। दुश्मन गैंग से इनकी लड़ाई चलती रहती है। गैंग उन पर हावी होती तो, उसके मेंबर्स खुद लॉरेंस से जुड़ जाते। इस तरह नेटवर्क चेन बढ़ता जाता है। लॉरेंस का नेटवर्क जेल के अंदर रहते हुए ज्यादा मजबूत हुआ है। जेल में रहते हुए उसकी दूसरे गैंगस्टर से दोस्ती हुई। फिर इनके गुर्गों ने आपस में मिलकर जेल के बाहर नेटवर्क मजबूत किया। उसी नेटवर्क से फिरौती और टारगेट किलिंग करने लगे।

## 'सदस्यता अभियान को सफल बनाने में जुटे'

**जयपुर।** विद्याधर नगर विधानसभा में भाजपा सदस्यता अभियान- 2024 के अंतर्गत भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अनेक क्षेत्रवासियो ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यशाला में भारी संख्या में नवीन सदस्यों ने भी सदस्यता ग्रहण की। दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा आज सबसे बड़ी सदस्यों वाली पार्टी बन चुकी है और हम इस यात्रा में एक साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वे पूरी मुस्तैदी से भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने में जुट जाये।

इस अवसर पर भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, जयपुर जिला सह- प्रभारी नरेश बंसल, जिला संयोजक शैलेंद्र भार्गव, पूर्व जिलाध्यक्ष सीकर एवं सदस्यता अभियान के विधानसभा प्रभारी विष्णु चेतानी, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष केदारमल माला, आईटी संयोजक अजय विजयवर्गीय , सुनीता अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सदस्यता अभियान के संयोजक एवं सह-संयोजक पार्षद एवं प्रत्याशी, वार्ड अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### प्राकृतिक चिकित्सा शिविर सम्पन्न



**जयपुर।** मौजूदा भाग दौड़ की स्थिति से उत्पन्न होने वाले पेट के रोगो को दूर करने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा एक बेहतर पद्धति है। यह जानकारी पंचतत्व फाउंडेशन के मुख्य चिकित्सक डॉक्टर मोहित बीजाका ने शनिवार को संपन्न हुए पांच दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर में दी। शिविर का आयोजन पंच तत्व फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में विजयवाड़ी, प्रभात कॉलोनी मुरलीपुरा स्थित पंच तत्व आश्रम में सुबह से शाम आयोजित किया गया। डॉक्टर बीजाका ने बताया ट्रस्ट के तत्वावधान में अभी तक 17 से अधिक जीवन उपयोगी निशुल्क शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। शिविर के समापन समारोह में डॉ. मोहित बीजाका ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पेट के सभी रोगों की चिकित्सा प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से कुंजल, जल नेति, मिट्टी चिकित्सा, भाप चिकित्सा, मसाज एनिमा और प्राकृतिक भोजन शैली बदलकर किया। इससे पेट एवं सभी अंगों को आराम मिला। समापन समारोह में ट्रस्ट के प्रधान न्यासी सी एम बीजाका ने बताया शिविर में कैंसर जैसे गंभीर रोगों के साथ जानु बस्ति, कटि बस्ति और आहार के माध्यम से चिकित्सा की गई। शिविर में 15 लोगों को विशेष रूप से शरीर की शुद्धि क्रियाएं जैसे कुंजल, जल नीति , आई वॉश, एनिमा, कटी स्नान, मिट्टी स्नान, भाप स्नान और मालिश देकर रोग मुक्त किया गया। शिविरार्थियों को सात्विक एवं प्राकृतिक जीवित आहार दिया गया जिससे शरीर को पूर्ण रूप से ऊर्जावान और स्वस्थ बनाया गया। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों ने इस अनूठी विशेष प्राकृतिक शिविर की प्रशंसा की और अपने को पूर्ण रूप से स्वस्थ महसूस किया। इस दौरान शिविरार्थियों ने भी अपने विशेष अनुभव साझा किए। शिविर के दौरान सभी को विशेष प्राकृतिक आहार और पेय पदार्थ उपलब्ध कराया गया। शिविर पूर्णता निशुल्क था। आगामी शिविर हर सप्ताह के मंगलवार से शनिवार तक आयोजित किया जाता है अगला शिविर 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है।

### अस्थियों को हरिद्वार रवाना किया



**जयपुर।** लावारिस और निराश्रित 101 मृतकों की हस्तियों को आज हरिद्वार में विसर्जन के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना कर भाजपा नेता एवं सर्व ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने झालाना स्थित शमशान से रवाना किया। यह अस्थियाँ लंबे समय से झालाना शमशान में रखी हुई थी। इनको लेने के लिए लंबे समय से कोई परिजन नहीं आया था। लावारिस व्यक्तियों को अस्थियों को लंबे समय से हरिद्वार ले जा रहे जी.डी केसवानी ने बताया कि यह अस्थियां हरिद्वार में विसर्जन की जाएगी। केसवानी पिछले 25 वर्षों से यह कार्य अनवरण कर रहे हैं। इस अवसर पर पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि जीडी केसवानी और उनकी टीम यह कार्य लगातार कई वर्षों से कर रही है हिंदू धर्म में अंतिम क्रिया क्रम में गंगाजल में अस्थि विसर्जन महत्वपूर्ण कार्य है। जिन लोगों के परिवार नहीं है उनकी अस्थियो का विसर्जन होना अत्यंत आवश्यक है।हमारे शास्त्रों में लिखा है कि और इस प्रकार से मृतक को मुक्ति मिलती है। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, रमेश कुमार, अप्पू जानी एम प्रकाश खुबानी उपस्थित थे।

### चार वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** एसएमएस थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले चार वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एसएमएस और प्रताप नगर इलाके से चुराए गए चार दुपहिया वाहन भी बरामद किए है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित नशा करने के आदि है और नशा के शौक को पूरा करने के लिए मोबाइल,चैन,पर्स और वाहन चोरी की वारदात करते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि एसएमएस थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले राहुल धोबी (20) निवासी जवाहर नगर ,गोलू पासवान उर्फ सिद्धी (21) निवासी जवाहर नगर,राहुल जाटव (23) निवासी मालवीय नगर और गौरव कुशवाह (28 ) निवासी मालवीय नगर को गिरफ्तार कर उनके पास से चुराए गए चार दुपहिया वाहन जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## दौलत सिंह ने सुरों की खूबसूरत आईनबंदी से किया रागों का शृंगार



वरिष्ठ कलाकार दौलत सिंह ने विभिन्न रागों के सुर साधे।

**जयपुर।** शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान के संस्थान परिसर में चल रहे तीन दिवसीय संगीत समारोह के आखिरी दिन रविवार को शहर के वरिष्ठ कलाकार दौलत सिंह ने शास्त्रीय संगीत की विभिन्न रागों के सुर साधे। कार्यक्रम का प्रारंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा पर समाजसेवी सुरेन्द्रसिंह रत्नू ने माल्यार्पण किया।

वरिष्ठ संगीत निर्देशक अमित अनुपम के निर्देशन में सजे इस कार्यक्रम में कलाकार दौलत सिंह ने अपनी खुशगुलूई आवाज में सुरों की खूबसूरत आईनबंदी, ठहराव व पकड़ व सुर विस्तार से रागों का नैसर्गिक सौन्दर्य दर्शाकर आनंदित कर दिया। कलाकार दौलत सिंह ने मध्य लय रूपक ताल में निबद्ध राग श्याम कल्याण की रचना म्हारा रसिया...को सुरों की दकीकता से पेश किया। फिर इसी राग में दुरत लय तीन ताल में निबद्ध छोटा ख्याल की रचना सावन की सांझ... की दिलकश प्रस्तुति दी। इसके बाद इस कलाकार ने मध्यलय झपताल में निबद्ध राग दुर्गा की रचना सखी मोरा रुमझुम... और दुरत एक ताल में निबद्ध राग मियां की मल्हार की रचना गरज गरज घन गरजे...को पूरी तन्मयता से पेश कर मौजूद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। दौलत सिंह ने राग भैरवी में भजन भवानी दयानी...को सुरीले अंदाज में पेश कर अपने कार्यक्रम को विराम दिया।

## स्कूटी की टक्कर से दुकानदार की मौत

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना इलाके में एक तेज रफ्तार स्कूटी ने सड़क पार कर रहे दुकानदार को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नांगल जैसा बोहरा निवासी किशन सेन ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पिता दिनेश कुमार प्रतापनगर चौराहे पर सैलून चलाते थे।

जो शाम को टायलेट कर सड़क क्रास कर वापस दुकान पर आ रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्कूटी ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

## रेस्टोरेंट में चल रही शराब पार्टी में पुलिस ने मारी दबिश

■ मालिक सहित अठारह लोग गिरफ्तार

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने एक रेस्टोरेंट के बार में चल रही शराब पार्टी में कार्रवाई करते हुए बार मालिक, व्यवस्थापक गिरफ्तार किया है और साथ ही पार्टी कर हुए सौलह युवकां को 170 बीएनएस के तहत पकडा है और चार चौपहिया वाहन सहित भारी मात्रा में शराब भी जब्त की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने थाना इलाके में स्थित एनएन बार एंड रेस्टोरेंट में चल रही शराब पार्टी में कार्रवाई करते हुए बार मालिक प्रतापसिंह और व्यवस्थापक रोहन सिंह को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 170 बीएनएस के तहत महिपाल सिंह,डिम्पल जाट,तुषार राजावत, अभिमन्यू सिंह,हिमांशु, आलेख सिंह,हरीश मीणा,युसुफ अली, भगवानदास, वसिद पङ्गान, कमल सिंह,राजेन्द्र सिंह,अभिषेक, अजय बैरवा, अभिषेक चौधरी और आशिश जाट को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित जयपुर के रहने वाले है। पुलिस ने मौके से भरी मात्रा में शराब भी जब्त की है।

## 'सहायक कर्मचारी व वाहन चालकों की भर्ती का निर्णय स्वागत योग्य'

**जयपुर।** मंत्रिमंडल बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा 60000 सहायक कर्मचारी एवं वाहन चालकों की भर्ती किए जाने का ऐतिहासिक निर्णय स्वागत योग्य है। इसके साथ ही उनकी योग्यता दसवीं तथा भर्ती कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से करवाना भी उचित कदम है। जिससे इन पदों पर भर्ती सुगमता से हो सकेगी।

चयनित वेतनमान 9-18-27 वर्षीय सेवा के स्थान पर 8-16-24-32 किए जाने तथा मंत्रालयिक कर्मचारियों की प्रमुख मांग दूसरी पदोन्नित पर 4200 ग्रेड पे दिए जाने की उपेक्षा किए जाने से संपूर्ण कर्मचारी जगत और मंत्रालयिक कर्मचारी आहत हैं। कमर्च मांग करते हैं कि शीघ्र ही इसे भी लागू करने का निर्णय लिया जाए। हम संवर्ग के 1000 कर्मचारियों को संस्थापन अधिकारी के रूप में 6600 ग्रेड पे दिए जाने का स्वागत करते हैं।

खेमराज कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक कर लागू नहीं करने का निर्णय नहीं लिया जाना भी निराशाजनक है। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा की मंत्रिमंडल की बैठक में कर्मचारी हित में लिए गए निर्णय बहुत कम है। यह आशा के अनुरूप निर्णय नहीं हो पाए। ऐसे में महासंघ अपने निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आंदोलन के लिए अग्रसर रहेगा।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** मानसरोवर थाना पुलिस ने दो वाहन चोरों को पकड़कर उनसे सात बाइक और एक स्कूटी बरामद की है। दोनों आरोपियों ने शहर में करीब दो दर्जन से ज्यादा वारदातें करना कबूल किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर विनोद लांबा (42) निवासी चिड़ावा जिला झुंझुनू हाल करधनी और जगमोहन मीणा (36) निवासी दौसा हाल मानसरोवर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से आठ चोरी के दुपहिया वाहन सहित मास्टर चाबी बरामद की।उन्होंने पूछताछ में दो दर्जन से अधिक वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूला है। गिरफ्तार आरोपित जगमोहन मीणा दौसा का हिस्ट्रीशीटर है। वहीं आरोपित विनोद लांबा 7-8 महीने पहले ही जेल से बाहर आना सामने आया।

## भावपूर्ण गीतों पर भाव-विभोर हुए श्रोता



स्वर सुधा म्यूजिक अकेडमी और एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट की ओर सेबॉलीवुड के भावपूर्ण गीतों की शाम सजाई गई।

**जयपुर।** स्वर सुधा म्यूजिक अकेडमी और एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट की ओर से यहाँ शिप्रा पथ मानसरोवर स्थित सुबोध जैन लॉ कॉलेज ऑडिटोरियम में रविवार को बॉलीवुड के भावपूर्ण गीतों की शाम सजाई गई। इमोशंस कार्यक्रम में अलग-अलग भावों से ओत-प्रोत चुनिंदा गीत प्रस्तुत किये गए। लुका-छुपी बहुत हुई, रंजिश ही सही, ओ रे चिरैया, घर मोरे परदेसिया, उँगली पकड़ के, आओगे जब तुम साजना, यही है तम्मना, ज़िंदगी का सफ़र, ओ मेरे दिल के चैन जैसे भावपूर्ण गीतों को दर्शकों ने जम कर सराहा।

इससे पहले प्रसिद्ध महिला उद्यमी शिखा जैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संजीव कोठारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पेट और आँत के कैंसर के बारे में जन चेतना जगाना था।

स्वर सुधा म्यूजिक अकेडमी की संस्थापक डॉ कांता धवन ने बताया कि राजेंद्र जडेजा के संगीत संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में डा0 कान्ता धवन, डा0 सन्दीप जैन, डा0 के के मावर, विशाल कंसोटिया, डॉ वंदना दुग्गल, वीनू मितल, डा0 अतुल पुरोहित, राजेन्द्र जडेजा, गौरव अग्रवाल, प्रेम भारती, अरुणा जैन, अजय कल्ला, संजीव जैन, नीलम अग्रवाल, तौशिक इदरिस, के पी सक्सेना, निकिता बंसल और इन्दुमती जैन अपने गीत प्रस्तुत किए। बाल कलाकार अनाहिता सिंह, प्रकेत सराफ , प्रिशा वली, अदिति ईश्वर रंदाद, मैत्री नौलखा ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ राम गुलाटी ने किया।

## ऑनलाईन एस्कॉर्ट सर्विस बुकिंग के नाम से ठगी करने वाली गैंग दबोची

■ आरोपी दूसरे राज्यों से लड़कियों को एस्कोर्ट सर्विस बुकिंग कराने के काम के लिए लेकर आते थे

■ पुलिस टीम के पीछा करने पर बदमाशों ने जानलेवा हमले का प्रयास किया

**जयपुर।** राजधानी की करणी विहार, मुरलीपुरा थाना और जिला स्पेशल टीम जयपुर (डीएसटी) पश्चिम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस बुकिंग के नाम से ग्राहकों से ठगी करने वाली गैग को पकड़ा है। जहां पुलिस ने मौके से सात महिलाओं सहित दस लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं कार्रवाई के दौरान कुछ लोग मौके से फरार हो गए। जिनकी पुलिस टीम तलाश करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गैग की महिला सदस्य नेहा सिंह, अनजुली टोकबी, जया विश्वास, रेशाम बेगम, श्वेता कुमारी, राधिका शर्मा, जुलेखा वाहिद मंसूरी, सोरिफल, सोनू कुमार बैरवा और विवेक धाबाई को गिरफ्तार किया है। गिरफतार आरोपित यूपी, दीपापुर, त्रिपुरा, आसाम, हरियाणा, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, अलवर और जयपुर के रहने वाले है। इसके अलावा वारदात के दौरान मौके से फरार हुए कमलेश शर्मा निवासी जयपुर, दीपक मीणा निवासी जयपुर, प्रधान गुर्जर निवासी जयपुर, मुकेश चौधरी निवासी नागौर, कैलाश चंद सहित अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि 27 सितम्बर को एस्कोर्ट सर्विस बुकिंग के नाम पर स्विफ्ट कार में आए लड़कों व लड़कियों ने रुपए लेकर दो लड़कों से गंभीर मारपीट की थी। पुलिस ने हालत गंभीर होने पर एक युवक को प्राइवेट हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती करवाया था। इसके बाद बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। इस मामले की जांच के लिए 28 सितम्बर को 200 फीट बाइपास अजमेर रोड पर संदिग्ध स्थानों की तलाशी ली गई। पता चला कि कमलेश शर्मा और दीपक मीणा नाम के व्यक्ति अन्य राज्यों से लड़कियों को एस्कोर्ट सर्विस बुकिंग कराने के काम के लिए लेकर आते हैं। एस्कॉर्ट सर्विस के साथ लोगों को लूटने का भी काम करते हैं। इस पर बोगस ग्राहक बनाकर दो पुलिसकर्मियों को भेजा गया। मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर फोटो भेजी गई।

बोगस ग्राहक बने पुलिसकर्मियों से डील तय होने पर आरोपित गांधीपथ स्थित एक होटल से लड़कियों को स्विफ्ट कार में लेकर आए। बातचीत के दौरान बदमाश बोगस ग्राहक बने पुलिसकर्मियों से रुपए छीनकर भाग गए। पुलिस टीम के पीछा करने पर बदमाशों ने जानलेवा हमले का प्रयास किया। आरोपित बदमाश पुलिस की प्राइवेट नंबर कार पर अपनी स्विफ्ट कार चढ़ाने की कोशिश करने लगे। पुलिस की ओर से हवाई फायर किया गया। पुलिस की कार को टक्कर मारकर बदमाश फरार हो गए। 200 फीट बाईपास पर बदमाशों की स्विफ्ट कार लावारिस हालत में मिली। कार को पुलिस ने जब्त कर लिया। इसके बाद करणी विहार थाना पुलिस ने होटल उमराव हवेली पर दबिश दी। जहां होटल के मैनेजर विवेक धाबाई और रिशेप्सनिस्ट सोनू कुमार बैरवा से पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि गैंग का सरगना कमलेश शर्मा व दीपक शर्मा एस्कोर्ट सर्विस के नाम पर बुकिंग लेते हैं। बाहर से लाई लड़कियों को कैलाश चन्द, प्रधान गुर्जर और मुकेश चौधरी ड्राइवर के रूप में बाहर लेकर जाते है। होटल में सर्च करने पर अलग-अलग कमरों में मिली सातों लड़कियों व उनके साथी को पकड़ा गया। इनके साथ ही पुलिस टीम होटल मैनेजर व रिशेप्सनिस्ट को भी पकड़ थाने लेकर आई।

डीसीपी ने बताया कि पुलिस टीम ने करणी विहार स्थित होटल उमराव हवेली पर दबिश देकर गैंग के सभी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। होटल उमराव हवेली को ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस गैंग ने अपना अड्डा बना रखा था। होटल का मैनेजर विवेक धाबाई और रिशेस्पनिस्ट सोनू कुमार बैरवा ठहरने से लेकर खाने-पीने की व्यवस्थाओं का ध्यान रखते थे। मामले में पुलिस ने सात युवतियों के साथ सोरीफुल (22) निवासी मोरीगांव असम, सोनू कुमार बैरवा (25) निवासी राजगढ़ अलवर और विवेक धाबाई (38) निवासी मंडावा झुंझुनूं को गिरफ्तार किया है। गैंग के सरगना कमलेश शर्मा निवासी कमला नेहरू नगर भांकरोटा और उसके साथी दीपक मीणा, प्रधान गुर्जर, मुकेश चौधरी, कैलाश चंद सहित अन्य फरार साथियों की तलाश की जा रही है।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया

**जयपुर।** झोटवाडा करधनी क्षेत्र के रावणगेट पावर हाऊस के सामने एसजीके अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर, मेट्रो फिटनेस एवं रिलाइफ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में एसएमएस अस्पताल जयपुर के वरिष्ठ अस्थमा एवं श्वसन रोग विशेषज्ञ डा.नरेश कुमार ने बताया कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नई जिंदगी मिल सकती है। वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ रघुवीर सिंह ने बताया कि मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू में प्लेटलेट्स की कमी में भी रक्त देकर किसी की जान बचायी जा सकती है। इस दौरान उन्होने स्वयं ने शिविर मे रक्तदान देकर रक्तदाताओ को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। अस्पताल की प्रबंधक डॉ. ममता एन कुमार ने कहा कि जनकल्याण के लिए रक्तदान शिविर हमेशा आयोजित करते रहेंगे। शिविर में 111 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओ को रक्त वीर प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। शिविर मे डॉ देवेंद, अरुण, रायसिंह, मुकेश यादव, संजय, जितेंद्र, अजय, दीपक ने सभी रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की।

## ग्रीन फिट मैराथन में 3000 जयपुर वासियों ने लिया भाग



विश्व हृदय दिवस के अवसर पर ''मणिपाल ग्रीन फिट मैराथन'' का भव्य आयोजन किया गया।

**जयपुर।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जयपुर में ''मणिपाल ग्रीन फिट मैराथन'' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 3000 से अधिक जयपुर वासियों ने भाग लिया।

मैराथन का फ्लैग ऑफ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर, मोशन ब्रेन्स से वीरेंद्र सिंह, सिंगर रवींद्र उपाध्याय और जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष, सुभाष गोयल द्वारा किया गया। मैराथन का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। प्रतिभागियों ने ''रन फॉर ग्रीन अर्थ'' के प्रेरणादायक स्लोगन के साथ मैराथन में भाग लिया, जो फिटनेस और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को एक साथ जोड़ता है।

यह जानकारी आयोजक और मोशन ब्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक, वीरेंद्र सिंह ने दी। मैराथन का आयोजन मोशन ब्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया, जिसमें मणिपाल हॉस्पिटल प्रस्तुतकर्ता, प्रमुख प्रायोजक के रूप में तिलक बिल्डर्स और सह-प्रायोजक जयपुर फिट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का आयोजन जयपुर के विद्याधर नगर क्षेत्र में किया गया, जहां पहली बार टाइम रन मैराथन का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।